प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री कल कर्नाटक में हाने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक और एक रैली में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री का 29 दिसंबर को शिमला लौटने का कार्यक्रम है।

.....

प्रदेश भाजपा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन व सुशासन दिवस पर आज प्रदेश भर में जिला स्तर पर प्रदर्शनियों का आयोजन किजा रहा है। प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने बताया कि इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित करेंगे। इस दौरान शिमला जिला भाजपा द्वारा रिज मैदान पर एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में देश के पूर्व प्रधानमंत्री की जीवनी का पूरा विवरण दिया जाएगा।

.....

प्रदेश में दो दिन हुई बर्फबारी के बाद आज सभी जगह मौसम साफ बना हुआ है। दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। इससे लोगों को भी ठंड से काफी राहत मिली है हालांकि बर्फबारी के बाद प्रदेश में जनजीवन अभी भी प्रभावित है। बर्फबारी के कारण प्रदेश की 141 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध है। सड़क बहाली के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर प्रयास जारी है।

अधिक ब्योरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता की रिपोर्ट।

भारी बर्फबारी के कारण कुल्लू जिले की ऊंची चोटियों सहित सोलंग नाला अटल टनल धुंधी व कोठी सहित अन्य पर्यटक स्थलों पर हिमपात व अन्य क्षेत्रों में वर्षा से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। डिप्टी एस.पी मनाली .के.डी.शर्मा ने बताया कि मनाली अटल टनल व सोलंगनाला के बीच बर्फबारी के कारण फंसे पर्यटकों को मनाली भेज दिया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार आज और कल प्रदेश में साफ रहेगा और मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा छाये रहने का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने 27 से 29 दिसम्बर तक प्रदेश में फिर से बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

.....

क्रिसमस का त्योहार आज दुनिया भर में मनाया जा रहा है। समझा जाता है कि ईसा मसीह का जन्म आज ही के दिन हुआ था। इस अवसर पर गिरजाघ को की भव्य ढ़ंग से सजाया गया है।

इस बीच राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित चर्च को भी आकर्षक लाईटों से सजाया गया है। क्रिसमस पर्व को लेकर आज शिमला सहित प्रदेश के सभी गिराजा घरों में भी विशेष प्रार्थना सभायें आयोजित की जायेंगी और लोगों को उपहार बांटे जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने क्रिसमस पर्व पर प्रदेशवासियों को खासतौर पर ईसाई समुदाय से जुड़े लोगों को बधाई और शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशू ने समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द का मार्ग प्रशस्त किया है।

.....

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रदेश में जल ऊर्जा पर्यटन को बढ़ावा देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नीति तैयार की जाएगी तथा ऊर्जा विभाग के माध्यम से विद्युत परियोजना डेवलपर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कल उर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के हित में निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में अधिक से अधिक हरित ऊर्जा का दोहन करने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है।

.....

सुर्खियां समाचार पत्रों से...........

आज समाचार पत्रों ने मौसम की खबर को सचित्र प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं–
कुफरी–नारकंडा व सोलंगनाला में हिमपात, 223 सडकें बंद, बर्फ में फंसे 10 हजार सैलानी निकाले।
दैनिक भास्कर का शिर्षक है–खुशियों की बर्फबारी। दैनिक जागरण की सुर्खी है– बर्फ में फंसे पर्यटकों के लिए देवदूत बने पुलिस जवान।

इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ नमस्कार।